*Department of Hindi*
*St. Bede's College, Shimla*

# हिंदी विभाग की गतिविधियाँ 2023-24

## हिन्दी दिवस 2023 का आयोजन

**तिथि :** 14 सितंबर, 2023

**उद्देश्य :**

• छात्राओं को सुचारु रूप से हिंदी बोलने, पढ़ने और लिखने के लिए प्रोत्साहित करना।

• छात्राओं को सांस्कृतिक पुनर्जागरण के सन्दर्भ में पूरे देश को एकजुट करने में हिंदी भाषा की तत्कालीन भूमिका के बारे में और विभिन्न ऐतिहासिक पहलुओं के बारे में जानने के लिए प्रेरित करना।

• छात्राओं को पाठ्येतर गतिविधियों में शामिल होने, उनके भाषण और नेतृत्व कौशल तथा सामूहिक रूप से काम करने की भावना को बढ़ावा देना।

• छात्राओं के आत्म–विश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से हिंदी में मंच संचालन, भाषण, नृत्य आदि गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना।

14 सितंबर, 2023 को सेंट बीड्स महाविद्यालय, शिमला के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में समूचे महाविद्यालय के प्राध्यापक गण, गैर शिक्षण अधिकारी तथा छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हिंदी दिवस समारोह G20 और Y20 2023 के उपलक्ष्य में ***"राष्ट्रीय एकता और हिंदी"*** थीम के तहत मनाया गया, जिसके बीच आयोजित विभिन्न गतिविधियों में बी. ए ,बीकॉम तथा डी. एल. एड.की छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। उन्होंने समारोह के सूत्रधार के रूप में, भाषण, प्रख्यात हिंदी कवि और स्वतंत्रता सेनानी 'अज्ञेय' पर पीपीटी और राष्ट्रीय एकता और हिंदी विषय पर समूह नृत्य आदि में भाग लिया ।

**परिणाम :**

• विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से, छात्राओं को हिंदी में खुद को अभिव्यक्त करने का एक मंच मिला। उन्होंने भारतीय संस्कृति की विरासत के रूप में हिंदी भाषा का प्रचार–प्रसार किया ।

• छात्राओं ने अपने देश और विदेश में हिंदी के महत्त्व और उसकी महिमा को समझा।

• सभी गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी से उन्हें एक टीम के रूप में काम करने, नेतृत्व कौशल को बढ़ाने और आत्मनिर्भर होने के लिए आत्मविश्वास बनाने में मदद मिली।

• छात्राओं ने हिंदी में स्क्रिप्ट लेखन और शब्दों के सही उच्चारण के बारे में भी सीखा। उनके प्रयासों की मीडिया और पूरे कॉलेज समुदाय ने सराहना की।



***"राष्ट्रीय एकता और हिंदी" थीम पर छात्राओं की नृत्य प्रस्तुति***




***हिंदी भाषा के महत्त्व पर भाषण देती डी. एल .एड की छात्रा***

## हिन्दी सप्ताह 2023 का आयोजन

**तिथि :** 08 सितंबर, 2023
**गतिविधि : पोस्टर निर्माण**

**उद्देश्य :** छात्राओं को अपने सर्जनात्मक कौशल को विकसित करने की प्रेरणा देना।
हिंदी विभाग ने हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी सप्ताह का भी आयोजन किया । 08 सितम्बर 2023 को छात्राओं को हिन्दी भाषा की महिमा को रेखांकित करने वाले पोस्टर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**परिणाम:** पोस्टरों में छात्राओं के रचनात्मक और बौद्धिक कौशल को दर्शाया गया ।




***छात्राओं द्वारा निर्मित हिंदी भाषा के महत्त्व को रेखांकित करता पोस्टर***

**तिथि :** 11 सितंबर, 2023
**गतिविधि :** "***हिंदी कथा लेखन और पर्यावरण संरक्षण: विचार एवं प्रक्रिया***" पर अतिथि व्याख्यान
**उद्देश्य :**

- छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की अवधारणा को समझने का अवसर देना।

- छात्राओं को प्रमुख समसामयिक मुद्दों को दर्शाने वाले समृद्ध हिंदी साहित्य को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना।
- छात्राओं को हिंदी में अपने रचनात्मक लेखन कौशल को बढ़ाने के लिए प्रेरित करना।

11 सितंबर 2023 को महाविद्यालय के सेमिनार कक्ष में हिंदी विभाग ***द्वारा "हिंदी कथा लेखन और पर्यावरण संरक्षण: विचार एवं प्रक्रिया"*** विषय पर एक अतिथि व्याख्यान महाविद्यालय की प्राचार्या, प्रो. सिस्टर मौली अब्राहम की उपस्थिति में आयोजित किया गया। अतिथि के रूप में प्रख्यात और व्यापक रूप से पढ़े जाने वाले हिमाचली और हिंदी लेखक, श्री एस.आर. हरनोट को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के विमर्श को बढ़ावा देने में हिंदी भाषा की भूमिका पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया था । व्याख्यान के विषय को समझने में मदद करने के लिए उनकी लघु–कहानी 'नदी गायब है' का पाठ छात्राओं द्वारा किया गया ।

**परिणाम :**

• छात्राओं ने अपने पर्यावरण को संरक्षित करने और सतत विकास के लिए विभिन्न समाधान तलाशने की उभरती आवश्यकता को समझा।

• छात्राओं ने हिंदी साहित्य के महत्व एवं प्रासंगिकता को रेखांकित किया।

• छात्राओं ने हिंदी में रचनात्मक लेखन में रुचि दिखाई और प्रख्यात लेखक से इस पर सलाह मांगी।

-



## सेंट बीड्स कॉलेज में कथा पाठ का आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला। सेंट बीड्स कॉलेज शिमला में मनाए जा रहे हिंदी सप्ताह के तहत कथा लेखन में पर्यावरण संरक्षण : विचार एवं प्रक्रिया पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ साहित्यकार एसआर हरनोट की कथा पाठ से हुआ।

हरनोट की कथा 'नदी गायब है' का पाठ महाविद्यालय की छात्रा मीनाक्षी शर्मा और इंदू चौहान ने किया। पलक शर्मा ने साहित्यकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सिस्टर मॉली अब्राहम ने साहित्यकार एसआर हरनोट का स्वागत किया। प्राचार्य ने छात्राओं को हिंदी भाषा का उपयोग करने, सृजनात्मक लेखन में रुचि लेने के साथ पढ़ने की आदत डालने के लिए प्रेरित किया।

एसआर हरनोट ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण और हिंदी भाषा के महत्व के बारे में बताया। महाविद्यालय की विभाग अध्यक्ष डॉ. देविना अक्षयवर ने कार्यक्रम में मौजूद मौजूद सभी छात्राओं एवं एक मुख्यातिथि का आभार जताया। इस आयोजन में हिंदी विभाग की शिक्षिका अंजना देवी भी मौजूद रहीं।

शिमला के सेंट बीड्स कॉलेज में हिंदी सप्ताह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेतीं छात्राएं और शिक्षक। संवाद






***व्याख्यान  एवं कथा पाठ***

**तिथि :** 13 सितंबर, 2023

**गतिविधि:** ***"पर्यावरण एवं विकास एक दूसरे से परस्पर जुड़े हैं"*** पर अन्तर्विद्यालय  निबंध लेखन प्रतियोगिता

तथा "***शांति एवं सद्भावना देश के विकास के लिए ज़रूरी है*** "पर अंतरयान निबंध लेखन प्रतियोगिता

**उद्देश्य :**

• स्कूल और कॉलेज की छात्राओं को G20 शिखर सम्मेलन की प्रासंगिकता और शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता में भारत की भूमिका को समझने के लिए प्रोत्साहित करना।

• छात्राओं को उनके काल्पनिक और रचनात्मक कौशल को बढ़ाते हुए हिंदी में लिखने के लिए प्रोत्साहित करना।

• युवा वर्ग को पर्यावरण संरक्षण, सस्टेनेबल डेवलोपमेन्ट तथा आपदा प्रबंधन कौशल की अवधारणा को समझने में मदद करना और समानता और मानवीय मूल्यों के आधार पर बेहतर राष्ट्र–निर्माण के लिए शांति एवं सद्भावना के महत्व को रेखांकित करना।

13 सितंबर, 2023 को हिंदी विभाग द्वारा "***पर्यावरण एवं विकास एक दूसरे से परस्पर जुड़े हैं***" विषय पर एक अन्तर्विद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता और "***शांति एवं सद्भावना देश के विकास के लिए ज़रूरी है*** " विषय पर एक अंतरयान निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। निबंध हिन्दी में लिखे गये थे। दोनों विषय **युवामंथन 20** थीम के अंतर्गत दिए गए थे।

ज ीसस एंड मैरी, चेल्सी स्कूल शिमला और डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लक्कड़ बाजार, शिमला के छात्रों ने अन्तर्विद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। चेल्सी स्कूल की जोआना वर्मा पहले स्थान पर और डीएवी लक्कड़ बाजार के वत्सल भारद्वाज दूसरे स्थान पर रहे।

अंतरयान निबंध लेखन प्रतियोगिता में, आईएनएस विकास से रिया शर्मा ने पहला स्थान हासिल किया, उसके बाद आईएनएस चिराग से सेजल दूसरे स्थान पर रहीं।

**परिणाम :**

• प्रतिभागियों ने दिए गए विषयों पर गहन शोध के बाद अपने निबंध लिखे। इस प्रकार उन्होंने दोनों अवधारणाओं को विस्तार से समझा।

• प्रतिभागियों ने अपने राष्ट्र के सामने आने वाली समसामयिक पर्यावरणीय और सामाजिक चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किए और उनसे निपटने के उपाय सुझाए।

• छात्रों ने अपना निबंध हिंदी में लिखा, इसलिए समसामयिक मुद्दों पर अपनी चिंता व्यक्त की। इस प्रकार, उन्होंने हमारे दैनिक जीवन को प्रभावित करने वाले विभिन्न मुद्दों को व्यक्त करने में सक्षम एक माध्यम भाषा के रूप में हिंदी के मूल्य को समझा।




***अंतर्विद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता के प्रतिभागी***



amarujala.com

सैंट बीड्स कॉलेज शिमला में आयोजित निबंध लेखन स्पर्धा के विजेताओं को सम्मानित करतीं शिक्षक। संवाद

## चेल्सी स्कूल की जोआना निबंध लेखन में रही प्रथम

शिमला। सैंट बीड्स कॉलेज शिमला के हिंदी विभाग ने हिंदी दिवस पर बुधवार को निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। प्रतियोगिताओं का संचालन विभागाध्यक्ष देविना ने किया। अंतर स्कूल प्रतियोगिता के घोषित नतीजों में कॉन्वेंट ऑफ जीसस एंड मैरी चेल्सी स्कूल की जोआना वर्मा ने पहला स्थान पाया। डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल लक्कड़ बाजार के वत्सल भारद्वाज ने द्वितीय रहे। शिक्षिका एवं मीडिया इंचार्ज पूनम चौहान ने बताया कि विजेताओं को विभागाध्यक्ष ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आयोजित यान प्रतियोगिता के विजेताओं के नाम बाद में घोषित किए जाएंगे। संवाद

## आपदा प्रबंधन का ढांचा करें मजबूत

शिमला। सर्वहितकारी - विकास संस्था की बैठक में बारिश से हुए नुकसान पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रदेश सरकार से आपदा प्रबंधन का ढांचा मजबूत करने का आह्वान किया गया।



सैंट बीड्स महाविद्यालय, शिमला

प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि........वत्सल भारद्वाज........कक्षा.....१२वीं.....डी.ए.वी.सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, लक्कड़ बाजार शिमला ने सेंट बीड्स महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी सप्ताह २०२३ के दौरान आयोजित ''पर्यावरण एवं विकास एक दूसरे से परस्पर जुड़े हैं।'' विषय पर अंतर्विद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

दिनांक : १४.९.२०२३

प्रधानाचार्या



सैंट बीड्स महाविद्यालय, शिमला

प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि........सुश्री जोआना वर्मा........कक्षा.....१०वीं.....कॉन्वेंट ऑफ जीसस मेरी स्कूल, चेल्सी शिमला ने सेंट बीड्स महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी सप्ताह २०२३ के दौरान आयोजित ''पर्यावरण एवं विकास एक दूसरे से परस्पर जुड़े हैं।'' विषय पर अंतर्विद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

दिनांक : १४.९.२०२३

प्रधानाचार्या

***अंतर्विद्यालय निबंध लेखन प्रतिभागियों को प्रदत्त प्रमाण पत्र***




***ब्रोशर हिंदी सप्ताह 2023***




***ब्रोशर हिंदी दिवस 2023***

डॉ देविना अक्षयवर
विभागाध्यक्षा
हिंदी विभाग
16.09.2023